# थांदला में विशेष जनसुनवाई आयोजित, स्कूल के पास बने ट्रेंचिंग ग्राउंड को हटाने के दिए सख्त निर्देश

मनोज उपाध्याय झाबुआ जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर नेहा मीना द्वारा पुन: प्रारंभ की गई तहसील स्तरीय विशेष जनसुनवाई का आयोजन मंगलवार को थांदला में किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने न केवल जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना, बल्कि विकास और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर कड़े कदम भी उठाए।

जनसुनवाई में उस वक्त गंभीर स्थिति सामने आई जब पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय थांदला के पालकों ने स्कूल के पास नगर परिषद द्वारा स्थापित ट्रेंचिंग और डंपिंग ग्राउंड के विरुद्ध आवेदन दिया। पालकों ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड की दुर्गंध और अस्वच्छता के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति और पढ़ाई पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने तत्काल सीएमओ नगर परिषद को निर्देश दिए कि इस डंपिंग ग्राउंड को वहां से हटाने की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित की जाए।



जनसुनवाई के दौरान शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े अन्य कई महत्वपूर्ण मामले भी सामने आए। ग्राम खजुरी निवासी गोपाल ने अपने पुत्र राज गोपाल को राष्ट्रीय मेरिट कम मीन परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद छात्रवृत्ति न मिलने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। वहीं, ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए भैरूगढ़ सरपंच की मांग पर नवीन हैंडपंप खनन और ग्राम गोरिया खांदन में स्कूल के समीप खराब हैंडपंप की मरम्मत हेतु तत्काल आदेश दिए गए। सड़क निर्माण और अतिक्रमण जैसे विवादों पर भी कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाया। उदयपुरिया के ग्रामीणों की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की मांग और छोटी धामनी में पारंपरिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए पाबंद किया गया।

इस विशेष शिविर में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि इसी दौरान जिला मुख्यालय पर अपर कलेक्टर सी.एस. सोलंकी द्वारा ली गई जनसुनवाई में 32 आवेदनों पर कार्यवाही की गई। थांदला में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्रसिंह चौहान, सहायक कलेक्टर आशीष कुमार और एसडीएम महेश मंडलोई सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे

## जनता के मताधिकार के लिए कांग्रेस सजग



### 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओ को नामावली में 22 जनवरी तक अपने नाम जुड़वाने का किया आह्वान

झाबुआ। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संपूर्ण प्रदेश के जिलों की जिला कांग्रेस कमेटियों को लोकतंत्र में जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए पूरे मुस्तैदी के साथ सजकता बरतने के निर्देश दिए हैं ताकि विरोधी पार्टिया गड़बड़ी नहीं कर पाए भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर भीम के चलते 22 जनवरी दावे आपत्तियों वी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओं के नाम जोड़ने की अंतिम तारीख है जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका के निर्देश पर कांग्रेस पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल नामावली जिला प्रभारी यामीन शेख शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौर सोमवार को निर्वाचन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर विजय मंडलोई एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी भास्कर गाचले को परिपत्र जिसमें उल्लेखित फॉर्म 7 के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा कर भारत निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी किए गए फॉर्म के अलावा अन्य फॉर्मेट में बीएलओ स्वीकार नहीं करें वही जो मतदाता जहां निवास करता है वही के वार्ड की नामावली में उनका नाम एस आई आर मैपिंग अनुसार हो जिससे पारदर्शिता बनी रहे जिला कांग्रेस ने क्षेत्रवार पार्टी के बीएलए को निर्देश दिए है कि अपने-अपने क्षेत्र के 18 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाता के नाम जुड़वाने में भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि लोकतंत्र में जनता अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।

## बैंक के तत्वाधान में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



झाबुआ। शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा बैंक ऑफ़ बड़ौदा, के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अंजना सोलंकी के मार्गदर्शन में किया गया।

मुख्य अतिथि संजीव कुमार जैन, सहायक प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, झाबुआ ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की महत्वपूर्ण जानकारी दी व स्वरोजगार के उद्देश्य एवं व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास लिए प्रेरित करते हुए छात्राओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्तिकरण बनने हेतु प्रेरित किया।सुश्री अर्चना बरड़े ने छात्राओं को कौशल सीखने की जानकारी देते हुए कहा की नौकरी करने के बजाय नौकरी देने वाले बनें।कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सारिका डुडवे ने किया। कार्यक्रम में आरसीटी झाबुआ के अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्रो.विजय कुमार, डॉ. प्रीति त्रिपाठी तथा डॉ.जुवानसिंह चौहान, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

## स्वामी विवेकानंद जयंती से सुभाष जयंती तक कर्तव्य बोध दिवस मनाया..

### प्राचीन भारत की आर्ष परंपराए दम तोड़ रही-हरिशंकर पंवार




झाबुआ। शिक्षक संघ पेटलावद ने मनाया कर्तव्य बोध दिवस अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध मप्र.शिक्षक संघ विकासखंड पेटलावद ने अपने मातृ संगठन की कार्य योजना अनुसार स्वामी विवेकानंद जयंती से सुभाष जयंती तक कर्तव्य बोध दिवस मनाया।

पेटलावद स्थित सीएम राईज सांदीपनी शाला मे मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार हरिशंकर पंवार ने अपने उद्बोधन मे वर्तमान समय मे विद्यार्थियो एवं नव युवाओ के बीच पैर पसारती अप संस्कृति पर चिंता व्यक्त की उन्होने कहा कि आज गुरु शिष्य परम्परा बाधित हो रही है आरुणि, सत्यकाम, जाबाल तथा एकलव्य जैसे शिष्य नही है और न ही धौम्य, गौतम तथा द्रोणाचार्य जैसे गुरु है, इसलिए प्राचीन भारत की आर्ष परंपराए दम तोड़ रही है उन्होने महर्षि भारद्वाज के पुत्र यवक्रीत के पतन का दृष्टांत सुनाया, उन्होने शिक्षा और विद्या मे फर्क बताते हुए कहा कि यदि हम भारत की जड़ो को सींचना चाहते है तो हमें पश्चिम के अंधानुकरण से बचना होगा प्राचार्य एवं शिक्षाविद औंकारसिंह मैंडा ने कहा कि शिक्षकों के आत्मबोध और कर्तव्यबोध और दोनो ही उँचे रखना होगे. सहवक्ता मोहनलाल राठौर ने श्रीमद्भागवत गीता के श्लोक व अध्याय के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण द्वारा कर्तव्य व कर्म के उदाहरणों से कर्तव्य बोध को समझाया।

उक्त कार्यक्रम मे संभागीय अधिकारी अनिल कोठारी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल संभागीय कार्यकारिणी सदस्य दशमसिंह चौहान, नितिन परमार, मुकेश पाटीदार एल.सी. पाटीदार एच.आर. पाटीदार विकासखंड अध्यक्ष खुशाल सिंह चौहान तहसील अध्यक्ष कोमल सिंह परमार, भरत लाल पाटीदार मो. हनीफ मंसूरी, दयाशंकर शर्मा, गायत्री ईमलीयार, मंजुला शुक्ला, मोतीलाल मुणिया, दिनेश राठौर एवं ब्लॉक के शिक्षक गण कर्तव्य बोध कार्यक्रम मे उपस्थित हुए. आभार सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य पुरालाल चौहान ने माना।

## झूला गिरने पर मालिक-ऑपरेटर गिरफ्तार....

झाबुआ के उत्कृष्ट स्कूल मैदान में विगत एक दिन पूर्व सोमवार को हुए झूला हादसे के बाद पुलिस ने मंगलवार को झूला मालिक राजेश चौहान और चलाने वाले (ऑपरेटर) अंतरसिंह को गिरफ्तार कर उन पर एफआईआर दर्ज कर ली है।



### 40 से 50 बच्चों के बैठने की जगह थी, उस पर लालच और लापरवाही के चलते एक साथ 140 बच्चों को बैठा दिया...

यह कदम मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट आने से पहले ही उठाया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह हादसा झूला संचालक की लापरवाही की वजह से हुआ। जिस %ड्रैगन झूले% में केवल 40 से 50 बच्चों के बैठने की जगह थी, उस पर लालच और लापरवाही के चलते एक साथ 140 बच्चों को बैठा दिया गया। क्षमता से तीन गुना अधिक वजन होने के कारण झूले का संतुलन बिगड़ गया और उसके खंभे उखड़ गए, जिससे झूला दीवार फांदकर बाहर जा गिरा।

### 29 छात्र हुए घायल, सिर और पैरों में आई चोटें

हादसे में 10वीं कक्षा के कुल 29 छात्र घायल हुए हैं। कई बच्चों के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

बताया जा रहा है कि मेला संचालकों ने स्कूल के बच्चों को मुफ्त में झूला झुलाने की बात कही थी, जिसके बाद वहां भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ को संभालने के बजाय संचालक ने एक साथ इतने बच्चों को झूले पर चढ़ा दिया, जिससे यह हादसा हुआ।

## सीडीपीओ कट्ठीवाड़ा एवं उदयगढ़ पर अनुशासनात्मक कार्रवाई

### वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव भेजा

इन्दौर समाचार प्रतिनिधि आलीराजपुर, कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए सतत निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके बावजूद महिला एवं बाल विकास परियोजना कट्ठीवाड़ा के एवं उदयगढ़ के परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) द्वारा कार्यों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर सीडीपीओ कट्ठीवाड़ा शैलेन्द्रसिंह डावर एवं सीडीपीओ उदयगढ़ मुकेश भूरिया के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। लक्ष्य पूर्ति को लेकर बार-बार समीक्षा बैठकों में निर्देश दिए जाने के बावजूद संतोषजनक प्रगति नहीं होने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी करने के बावजूद संबंधित अधिकारी द्वारा कार्यों में लापरवाही बरती जा रही। कलेक्टर नीतू माथुर ने शैलेन्द्र सिंह डावर एवं मुकेश भूरिया के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय भेजा गया। उन्होंने समस्ता अधिकारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि समस्त् शासकीय योजना का जमीनी स्तवर पर क्रियान्वेयन नहीं करने पर एवं लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।

## कलेक्टर कार्यालय में किया गया जनसुनवाई का आयोजन



इन्दौर समाचार प्रतिनिधि आलीराजपुर, प्रति मंगलवार की तरह आज भी कलेक्टदर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में कलेक्टरर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में आवेदक रमेश पिता भलजी मावी निवासी ग्राम बड़ा खुटाजा तहसील चन्द्रेशेखर आजाद नगर ने पीएम आवास योजना के संबंध में आवेदन दिया जिसमें उन्होंने बताया कि मेरे मकान का सर्वे होने के बावजुद भी मुझे आवास नहीं मिला है मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मे पक्काड आवास बनाने में असरमर्थ हूं मुझे शासन कि योजना अनुसार आवास स्वीकृत करवाया जाए।

कलेक्टर नीतू माथुर ने उक्त आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। एक अन्यत आवेदक लस्सील पति पचिया बामनिया निवासी ग्राम सेजवाड़ा तहसील चन्द्रणशेखर आजाद नगर ने आवेदन दिया कि मेरी निजी कृषि भूमि पर मासिक किरायेदारी पर मोबाईल टावर 2018 मे स्थातपित किया गया था। जिसका किराया मुझे आज दिनांक तक प्राप्तल नहीं हुआ है उत्तर किरायेदारी भूमि को मोबाइल टावर एजेंसी द्वारा प्रतिमास तीन हजार रुपये अदा करने का निर्धारित किया गया था। चूंकि मुझ प्रार्थी को आज दिनांक तक उक्तइ किराया भूमि कि राशि प्राप्तथ नहीं हुई। मेरी निजी भुमि के किराये का भुगतान करवाया जाए। उक्तह आवेदन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टार नीतू माथुर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर सख्ती से भुगतान करने के निर्देश दिए अन्यथा सम्बन्धित मोबाइल टावर एजेंसी पर कार्रवाई की जायगी।

## विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

झाबुआ। ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला झाबुआ द्वारा विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय महाविद्यालय झाबुआ में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के आमंत्रित अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरु भूरिया,पशु चिकित्सा अधिकारी झाबुआ अमित दोहरे,ब्लॉक समन्वयक पेसा कानून मानसिंह बारिया,ब्रेड फॉर ट्राईबल विलेज संस्था अध्यक्ष कृष्ण सिंह बामनिया, सामाजिक कार्यकर्ता एवं परामर्श दाता पवन परमार थे। मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण देते हुए ब्लॉक समन्वयक तोलिया डामोर ने बताया कि यह कार्यक्रम झाबुआ ब्लॉक के 150 गांव में चलाया जाएगा। जो कि दिनांक 18 से 26 जनवरी तक होंगें।जिसमें विभिन्न कार्यक्रम जैसे गोष्ठी,स्वच्छता अभियान नशा मुक्ति शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैली,नाटक आदि आयोजित होंगे।

मेंटर प्रकाश मेड़ा ने ग्रामोदय से सर्वोदय मध्य प्रदेश अभियान और सप्ताह भर किए जाने वाले कार्य को विस्तार से बताया। परामर्शदाता पवन परमार ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। और उनके संस्मरण भी सुनाएं।

कृष्ण सिंह बामनिया ने स्वदेशी जागरण हेतु भारतीय वस्तुओं के ज्यादा से ज्यादा उपभोग एवं इससे होने वाले लाभ को सबके साथ साझा किया। संस्कृति युवा मंडल समिति अध्यक्ष राजेश बैरागी द्वारा सभी को स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्प दिलवाया गया।

ब्लॉक समन्वयक पेसा कानून मानसिंह बारिया ने जल, जंगल,जमीन हेतु आवश्यक कानून की जानकारी दी, और इसके लिए युवाओं को आगे आने को कहा।

पशु चिकित्सा अधिकारी अमित दोहरे ने पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं पशुओं की विभिन्न बीमारियों एवं उसके इलाज हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरु भूरिया द्वारा जनपद पंचायत से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्रदान की ओर शासन की योजनाएं बताई। उनसे होने वाले लाभ और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए सभी से आह्वान किया।

इस दौरान अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्कशीट एवं पुस्तके प्रदान की गई, कार्यक्रम का संचालन राजेश बैरागी एवं आभार मैटर्स अजय कुमार ने माना। इस विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में सी एम सी एल डी पी के छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति समिति सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई।

## खाद का उपयोग अपने खेतों में करके जैविक खेती को बढ़ावा देकर संपूर्ण राष्ट्र के स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते...

### सात दिवसीय वर्मी कंपोस्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

झाबुआ। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान पीएम उषा सॉफ्ट कंपोनेंट 3 के अंतर्गत उद्यमिता विकास केंद्र झाबुआ द्वारा आयोजित सात दिवसीय वर्मी कंपोस्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डॉ जगदीश मौर्य मुख्य अतिथि सीनियर साइंटिस्ट कृषि विज्ञान केंद्र झाबुआ एवं विशेष अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आरके.त्रिपाठी, टेक्निकल ऑफीसर कृषि विज्ञान केंद्र झाबुआ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ जेसी सिन्हा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम की सार्थकता के बारे में डॉ. जेसी.सिन्हा ने विद्यार्थियों को कहा कि वर्मी किसान के मित्र होते हैं, और यह फसलों के उत्पादन को बढ़ाते हैंद्य वर्मी खाद का उपयोग अपने खेतों में करके जैविक खेती को बढ़ावा देकर संपूर्ण राष्ट्र के स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। साथ ही अपने आर्थिक मूल्य को जैविक खेती करके बढ़ा सकते हैं। डॉ.जीसी.मेहता ने बताया कि कैसे वर्मी कंपोस्टिंग खाद का उपयोग



करके रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम कर फसलों को उन्नत किस्म का बनाया जा सकता है,और रासायनिक उर्वरकों से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.आरके. त्रिपाठी ने वर्मी कंपोस्ट के अतिरिक्त हरित क्रांति, उर्वरकों के बेसल डोज, मेढ नाली पद्धति की खेती, मिट्टी बनने की प्रक्रिया, मेड बंधान, मिट्टी के कटाव को कैसे रोका जा सकता है, मृदा संरक्षण के लिए मेड बंधान तथा पंचायत स्तर पर मेड बंधान के लिए प्रोजेक्ट जो शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं उनकी जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ.जगदीश मौर्य ने वर्मी कंपोस्ट के विभिन्न तकनीकों उनका महत्व और उनसे किस प्रकार से उन्नत फसलों का उत्पादन किया जा सकता है के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त अपने यह भी बताया कि कैसे किसान बकरी पालन, कड़कनाथ मुर्गा पालन और विभिन्न प्रकार की फसले उगाकर जैसे चिया सीड, कलौंजी, सफेद मूसली अपने आई के संसाधनों को बढ़ा सकते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय व कृषि विज्ञान केंद्र के मध्य एमओयू भी साइन किया गया। विद्यार्थी बबलू डामोर और हिमानी डांगर ने वर्मी कंपोस्टिंग प्रशिक्षण के अनुभव साझा किया। साथ ही वर्मी कंपोस्टिंग प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस समापन अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ संजू गांधी, डॉ.जीसी.मेहता, डॉ.अरुण कटरा, डॉ.वीएस. मेडा,पीएम.उषा प्रभारी, डॉ रीना गणावा, डॉ.अंजना ठाकुर, डॉ.सुनील सिकरवार,डॉ. बी.एल डावर, डॉ.राजू बघेल, डॉ.ईश्वर सिंह डावर, डॉ.जेमाल डामोर वर्मी कंपोस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम संयोजक डॉ.रीता गणावा, सदस्य पावर सिंह मेडा, राजेश चौहान विद्यार्थी खुशबू